प्रेस विज्ञप्ति

भाषा विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट ड्राइव में कंप्यूटर साईंस इंजीनियरिंग के 6 विद्यार्थियों का चयन

भाषा विश्विद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कराई गई प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत आज *6 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ*। कुलपति प्रो एन बी सिंह के मार्गदर्शन में इस प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्य भूमिका अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी तथा प्लेसमेंट सेल की सदस्या श्रीमती निधि सोनकर ने निभाई।

माइंड यू इंफ़ोटेक कम्पनी के एच आर श्री विपिन और मिस प्रियंका ने बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग , बीसीए एवं एमसीए विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया जिसमें देवेश, रीतिका, शहवाज़, प्रियांशु, फैज़ान और ज़ैद को चयनित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों का चयन १.७ लाख के पैकेज पर फ़्लूटर डेवलपर और फुलस्टैक के पद पर हुआ।

ड्राइव को आयोजित करने में कंप्यूटर साइंस विभाग के इंचार्ज श्री तसलीम जमाल, मिस शान फ़ातिमा , डॉ सुमन कुमार मिश्रा एवं मिस साईमा अलीम का विशेष योगदान रहा।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय